

SHRI SOMDEV KISHORE DEVVARMAN

Shri Somdev Kishore Devvarman is a tennis player who has represented India at the world level from 2008 to 2016. He reached a career high ranking of #62 on the ATP Tour in July 2011, making him the highest ranked Indian to play the professional tennis circuit since August 1990.

2. Born on February 13, 1985, Shri Devvarman began playing tennis at the age of 8 in Chennai and was awarded a sports scholarship at the University of Virginia, USA, from where he graduated in June 2008 with a degree in Sociology. He earned the distinction of being the only collegiate player to have made three consecutive finals at the NCAA Singles Championships (2006- 2008), winning it back to back in 2007 and 2008.

3. Having turned professional in the summer of 2008, Shri Devvarman reached his first ATP tour event final at the Chennai Open in 2009, following which he led India into the World Group of the Davis Cup Championship after a gap of 11 years in South Africa by beating the hosts on their home turf.

4. In October 2010, Shri Devvarman won the Men's Singles gold medal at the 19th Commonwealth Games in Delhi, followed by the double achievement of winning the Men's Singles gold medal again at the 16th Asian Games in Beijing in November 2010, as well as the Men's Doubles gold medal (partnering Shri Sanam Singh). This made him the first player to win gold in singles and doubles in the same year since 1974, as well as the first Indian to win a Singles gold medal in tennis. He had a career threatening shoulder injury in 2012, which saw his ranking drop to 733. He bounced back from that to take part in the 2012 London Olympics and also brought his ranking up to 76 earning him a nomination for "Comeback Player of the Year" in 2013 by the ATP.

5. Now retired, Shri Devvarman runs a programme to promote fitness and sports at the school level called 'Get Fit', as well as a non-profit organization called 'Life is a Ball' in Chennai, which conducts similar programmes for under-privileged children from Govt. run schools who do not have access to sporting facilities and training. The programmes have collectively reached out to over 65,000 children in over 50 schools in Chennai, Bangalore, Hyderabad and Mumbai.

6. Shri Devvaraman has received several awards and honours which include "Athlete of the year" in February 2011 by Sports Illustrated, India; Arjuna Award in 2011 for outstanding achievement in National Sports and for his contribution to Indian tennis etc.



श्री सोमदेव किशोर देववर्मन

श्री सोमदेव किशोर देववर्मन एक टेनिस खिलाड़ी हैं, जिन्होंने वर्ष 2008 से 2016 तक, विश्व स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है। आपने जुलाई, 2011 में एटीपी टूर पर अपने करियॅर की सबसे ऊंची - 62वीं रैंक हासिल की, जिसने आपको अगस्त 1990 से पेशेवर टेनिस सर्किट में खेलने हेतु सर्वोच्च रैंक का भारतीय खिलाड़ी बनाया।

2. आपका जन्म 13 फरवरी, 1985 को हुआ था। आपने 8 वर्ष की उम्र से चेन्नई में टेनिस खेलना शुरू किया और यूनिवर्सिटी ऑफ वर्जिनिया यूएसए में आपको खेल छात्रवृत्ति प्रदान की गई थी, वहां से आपने वर्ष 2008 में समाजशास्त्र की उपाधि के साथ स्नातक की शिक्षा प्राप्त की। आप एकमात्र ऐसे कॉलिजिएट खिलाड़ी रहे, जिन्होंने एनसीएए सिंग्लस चैम्पियनशिप (2006-2008) में लगातार तीन बार पहुंचकर और बैक टू बैक 2007 एवं 2008 में जीत दर्ज करने के नाते विशेष योग्यता अर्जित की।

3. वर्ष 2008 की गर्मियों में एक पेशेवर खिलाड़ी बनने के बाद वर्ष 2009 में चैन्नई ओपन में आप पहली बार एटीपी टूर इवेंट फाइनल में पहुंचे, जिसके बाद दक्षिण अफ्रीका में मेजबानों को उन्ही के होमटर्फ पर मात देते हुए 11 वर्षों के अंतराल के बाद आपने डेविस कप चैम्पियनशिप के विश्व समूह में भारत का नेतृत्व किया।

4. अक्तूबर 2010 में, दिल्ली में हुए 19वें राष्ट्र मंडल खेलों में आपने मेन्स सिंग्लस् का स्वर्ण पदक जीता और इसके बाद नवंबर 2010में बीजिंग में हुए 16वें एशियाई खेलों में पुन: मेन्स सिंग्लस् का स्वर्ण पदक जीतने के साथ-साथ (श्री सनम सिंह को पार्टनर बनाते हुए) मेन्स डबलस् का स्वर्ण पदक जीतकर दोहरी सफलता अर्जित की। इस सफलता ने, आपको वर्ष 1974 के बाद एक ही वर्ष में सिंग्लस् और डबलस् का स्वर्ण पदक जीतने वाला पहला खिलाड़ी बनाया। वर्ष 2012 में, आपको करियॅर तबाह करने वाली कंधे की चोट से गुजरना पड़ा, जिसके साथ आपकी रैंकिंग घटकर 733 रह गई। आपने उस स्थिति से उबरकर वर्ष 2012 में लंदन ओलंपिक्स में बाउंस बैक किया और अपनी रैंकिंग में सुधार करते हुए 76 पर ले आए, जिसके कारण एटीपी द्वारा आपको वर्ष 2013 में "कम बैक प्लेयर ऑफ द इयर" के लिए नामित किया गया।

5. अब खेल से सन्यास लेने के बाद, आप स्कूल स्तर पर फिटनेस और खेलों को प्रोत्साहित करने हेतु 'गेट फिट' नाम का एक कार्यक्रम संचालित करने के साथ-साथ चैन्नई में 'लाइफ इज ए बॉल' नाम का एक गैर लाभकारी संगठन का संचालन कर रहे हैं जो सरकार द्वारा संचालित स्कूलों के सुविधा-वंचित बच्चों, जिनकी खेल सुविधाओं और प्रशिक्षण तक पहुंच नहीं है के लिए उसी प्रकार का कार्यक्रम संचालित करता है। इन कार्यक्रमों ने चैन्नई, बैंगलुरू, हैदराबाद तथा मुम्बई के 50 से अधिक स्कूलों के 65,000 से अधिक बच्चों तक अपनी सामूहिक पहुंच बनाई है।

6. आपको अनेक पुरस्कार और सम्मान प्राप्त हुए हैं जिनमें स्पोर्टस इलस्ट्रेटिड, इंडिया द्वारा फरवरी, वर्ष 2011 में "एथलीट ऑफ द इयर"; उपलब्धि और भारतीय टेनिस में आपके योगदान के लिए राष्ट्रीय खेलों में उत्कृष्ट अर्जुन पुरस्कार 2011 शामिल हैं।